प्रेस नोट- थाना कोतवाली

जनपद शाहजहाँपुर

सराहनीय कार्य दिनांक – 02.11.2026

थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा नाबालिग बालिका के साथ छेड़छाड़ करने के अभियोग में वांछित अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार

श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय, जनपद शाहजहाँपुर के निर्देशानुसार, श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक नगर महोदय के निर्देशन एवं क्षेत्राधिकारी नगर के कुशल पर्यवेक्षण में अपराधों की रोकथाम एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे सघन अभियान के क्रम में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा नाबालिग बालिका के साथ छेड़छाड़ करने वाले अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया।

संक्षिप्त विवरणः-

दिनांक 01.11.2026 को थाना कोतवाली पर वादी द्वारा लिखित तहरीर दी गई कि अभियुक्त नूर अहमद उर्फ बबुए पुत्र मो0 नसरूद्दीन निवासी मोहल्ला बिजलीपुरा, थाना कोतवाली, जनपद शाहजहाँपुर द्वारा वादी की लगभग 14 वर्षीय पुत्री के बाजार में खरीदारी करने जाने के दौरान अशोभनीय टिप्पणियां की गईं तथा उसका हाथ पकड़ा गया। उक्त तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली पर मु०अ०सं० 390/2026 धारा 74/79/351(3) बीएनएस एवं 7/8 पॉक्सो एक्ट पंजीकृत किया गया। उक्त घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा शीघ्र साक्ष्य संकलन एवं आवश्यक विधिक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था। इसी क्रम में थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा दिनांक 02.11.2026 को मुखबिर की सूचना पर बरेली मोड़, जनपद शाहजहाँपुर से मुकदमे में वांछित अभियुक्त नूर अहमद उर्फ बबुए पुत्र मो0 नसरूद्दीन निवासी मोहल्ला बिजलीपुरा, थाना कोतवाली, जनपद शाहजहाँपुर को गिरफ्तार किया गया। अभियुक्त को गिरफ्तारी का कारण बताते हुए दिनांक 02.11.2026 को समय 12:50 बजे पुलिस हिरासत में लिया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध आवश्यक विधिक कार्यवाही पूर्ण कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

गिरफ्तार अभियुक्तः-

नूर अहमद उर्फ बबुए पुत्र मो0 नसरूद्दीन निo मो0 बिजलीपुरा थाना कोतवाली शाहजहाँपुर (उम्र 20 वर्ष)

गिरफ्तारी का स्थान व समयः-

बरेली मोड़ जनपद शाहजहाँपुर, दिनांक 02.11.2026 समय 12.50 बजे

पंजीकृत अभियोगः-

मु०अ०सं० 390/2026 धारा 74/79/351(3) बीएनएस एवं 7/8 पॉक्सो एक्ट, थाना कोतवाली, जनपद शाहजहाँपुर।

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम :-

1. उ0नि0 अंकित कुमार थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर
2. का0 नरेन्द्र कुमार थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर
3. का0 सुकान्त कुमार थाना कोतवाली जनपद शाहजहाँपुर